## सार-समाचार

### चौरड़िया भवन में सुमति मुनि के प्रवचन

**जोधपुर**,(का.सं.)। चौरड़िया भवन में विराजित सुमति मुनि ने श्रीमद उत्तराध्ययन सूत्र के बीसवें अध्ययन की बहुत सुंदर व्याख्या की। उन्होंने गुणसुंदर मुनि के प्रसंग की चर्चा करते कहा कि उनको महावेदना आयी लेकिन वेदना को सुधारने का अवसर मिला । गुणसुंदर मुनि ने संकल्प किया कि वेदना शांत होते ही मैं संयम दीक्षा लूंगा। हम भी संयम, वैराग्य का संकल्प लें,यह प्रयोग श्रद्धा चिकित्सा है। उन्होंने कहा कि दूसरों पर दोषारोपण करने से दुखों को आमंत्रण देना है। राग रोग का मूल कारण है। द्वेष ही दुःखो का मूल कारण है। हमारे सुख दुःख के कर्ता हम स्वयं है।रोग आने से पहले जागो,जागने से रोग भी गया एवं रोग के जाने से राग भी गया। धार्मिक साधक का जगना अच्छा लेकिन भोगी पापी व्यक्ति सोया रहे तो ही अच्छा। इससे पूर्व साध्वीश्री ने अपने प्रवचन में कहा कि नरक में नारकी जीवों को परमा धामी द्वारा असह्य वेदना दी जाती है। उनके शरीर को काटा, फाड़ा, छिला जाता है । टुकड़े टुकड़े किया जाता है। वे याद दिलाते है कि संसार में तुमने जीवों के प्रति कूरता की है। नरक में वेदना से एक मिनट की भी छुटकारा नहीं मिलता। किसी की परवाह मत करो, किसी के लिए एक रुको मत। नरक से बचने का एकमात्र उपाय संयम ही है। साध्वी ने नरक की दारुण वेदना का वर्णन किया। संघ के अध्यक्ष देवराज बोहरा ने बताया कि श्री श्रीमद उत्तराध्ययन सूत्र का प्रस्तुतीकरण 21अक्टूबर तक चलेगा। संचालन राजेन्द्र लुणिया ने किया।

### हेमावास शिविर में सहमति से बंटवारा

**पाली**, (नि.सं.)। जिले में ग्रामीण सेवा शिविर के तहत शुक्रवार को ग्राम पंचायत हेमावास में शिविर आयोजित हुआ जिसमें विभिन्न सरकारी योजनओं व आमजन की समस्याओं का निस्तारण किया गया। शिविर में स्वामित्व पट्टे वितरण 47, बंटवाड़ा 02, मंगला पशु बीमा 40, शुद्धिकरण 14, स्वास्थ्य परीक्षण 117, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र 13 से लाभान्वित किया गया। ग्रामीण सेवा शिविर में में ग्राम हेमावास के दुर्गेशकुमार, दिनेश, बनवारीलाल, पुरुषोत्तमाण, पाळीडेवी, रामप्रताप, लक्ष्मीनारायण व सायरी जातिगन साड निवासीगण हेमावास ने अपनी सहखतिकारी कामे बन 500, 591 का आपसी सहमति से बटवारे करवाने के लिए उपस्थित हुए जो काफी समय से सहखातेदारी भूमि का बटवारा करवाने के लिए परेशान थे। शिविर में प्रशिक्षु आईएएस बिरजुगोपाल, उपखण्ड अधिकारी विमलेन्द्र राणावत, तहदीलदार के समक्ष अपनी समस्याएं निवारण के लिए सभी सह खातेदार पेश हुए। प्रभारी द्वारा तत्काल कार्यवाही करवाते हुए सहखातेदार भूमि का आपसी सहमति से बटवारा करवाकर प्रार्थीगणों को लाभान्वित किया। इस कार्यवाही से प्रार्थीगणों के मन को संतुष्टि मिली तथा खुशी से इनकी आखे छलक पड़ी। उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया साथ ही शिविर में आयोजन के अनुरूप लाभ प्राप्त हुआ। इस अवसर पर रू प्रधान मोहनी देवी पटेल,उपखंड अधिकारी विमलेंद्र राणावत शिविर प्रभारी मनोज भाटी,तहसीलदार कल्पेश जैन, जनप्रतिनिधि पुखराज पटेल, यशपाल कुंपावत,भंवर चौधरी, सरपंच मोहन लाल पटेल, त्रिभुवन सिंह कुंपावत व आमजन मौजूद रहे।

### सिंगल यूज प्लास्टिक से दूरी की शपथ

**पाली**, (नि.सं.)। जिला कलेक्टर एलएन मंत्री ने शुक्रवार को जिले के फालना नोबल स्कूल में रामसेतु की गिलहरी अभियान के अन्तर्गत लगभग 2500 विद्यार्थियों को यूज एंड थ्रो व सिंगल यूज प्लास्टिक ना उपयोग ना करने की शपथ दिलायी। जिला प्रशासन द्वारा चलाई गई मुहिम के अंतर्गत नोबल स्कूल फालना में एक भव्य कार्यक्रम का आगाज किया गया इस अवसर पर जिला कलेक्टर एल एन मंत्री ने कहा कि प्रकार प्रभु श्री राम के सेतु निर्माण में गिलहरी ने अपना योगदान दिया था इसी प्रकार वर्तमान में हम सभी लोग मिलकर अपना छोटा-छोटा योगदान देते हुए इस पर्यावरण को बचाने के लिये प्लास्टिक रहित सेतु का निर्माण करेंगे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्षा ललिता शाह, नायब तहसीलदार मनमोहन सिंह, पूर्व विधायक मारवाड़ जंक्शन भैरू सिंह गुर्जर, उद्योग मंडल के अध्यक्ष बहादुर सिंह खालसा व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्याम सिंह जोधा, जिला शिक्षा अधिकारी राहुल राजपुरोहित, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेंद्र सिंह सांदू,पाली के साहित्यकार पवन पांडे, सेवाड़ी प्रिंसिपल गोपाल पारीक समाजसेवी अमित मेहता, उद्योग मंडल की डायरेक्टर रामकिशोर गोयल, नरेंद्र सुथार, अनिल सिंह खंगारोत नारायण सिंह राजपुरोहित सुमेर सिंह मेड़तिया मंच का ओजस्वी संचालन डॉ प्रवीण वैष्णव ने किया।

### पाली रेलवे स्टेशन चौराहे पर चोरी

**पाली**, (नि.सं.)। पाली शहर के औद्योगिक थाना क्षेत्र में स्थित रेलवे स्टेशन चौराहे पर देर रात अज्ञात चोरों ने एक किराना दुकान को निशाना बनाते हुए बडी चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर दुकान से करीब 70,000 नकद, सिगरेट के पैकेट और अन्य सामान चुरा कर फरार हो गए। यह दुकान रेलवे स्टेशन से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित है। सुबह जब दुकान मालिक प्रताप भागवानी दुकान पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि दुकान के दोनों ताले टूटे हुए थे और शटर आधा खुला हुआ था। जब उन्होंने अंदर जाकर जांच की तो पाया कि गल्ले में रखे करीब 70,000 नकद, सिगरेट के पैकेट और अन्य सामान गायब था। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। वहां लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच में सामने आया कि एक कार में सवार होकर दो युवक आए थे। उन्होंने दुकान के ताले तोड़े और कुछ ही देर में चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। गौरतलब है कि जिस स्थान पर चोरी हुई, वह रेलवे स्टेशन के नजदीक मुख्य चौराहे पर है। वहां से लगभग 200 मीटर की दूरी पर ही पुलिस चौकी भी स्थित है। रात में होमगार्ड की ड्यूटी भी रहती है।

### मरकर भी अमर हुई निर्मला देवी की आंखें

**पाली**, (नि.सं.)। महावीर नगर, पाली निवासी निर्मला चौपड़ा धर्मपत्नी गौतम चंद चौपड़ा के निधन के पश्चात् उनके परिजनों ने उनकी दोनों आंखें दान कर दो दृष्टिहीन बन्धुओं को दृष्टि मिलने का रास्ता प्रशस्त कर दिया। निर्मला देवी के हुए आकस्मिक निधन से परिवार जनों का रो-रो कर बुरा हाल था। ऐसे माहौल में भी हिम्मत जुटा कर सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार रांका, प्रकाश बोकडिया, देवीचंद सालेचा एवं रोशन नाहर ने दिवंगत की सासु केसर देवी पति गौतम चंद पुत्र मोहित एवं विश्वास पुत्रवधू रश्मि एवं कुमकुम पौत्र हितांश एवं दिव्यांश चोपड़ा से दिवंगत के नेत्रदान हेतु निवेदन किया । स्वीकृति मिलने पर आई बैंक सोसाइटी ऑफ़ राजस्थान, पाली चेप्टर के हुक्मीचंद मेहता, हसमुख बाटिया, डॉ आर के गर्ग, आई टक्नीशियन रईस खान सहायक राजेंद्र सिंह राजपुरोहित के सहयोग से नेत्रदान प्रक्रिया सम्पन्न करवाई। दिवंगत की दोनों आंखे दान में प्राप्त कर राजस्थान रोडवेज के भूपेंद्र सिंह के सहयोग से जयपुर भिजवाई गई, जहां दो नेत्रहीन बन्धुओं को कार्निया प्रत्यारोपित कर दृष्टि प्रदान की जायेगी।

### पेयजल समस्या, लोगों ने प्रदर्शन किया

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर के पाल गांव एवं आस पास बसी कॉलोनियों के लोगों ने पीने के पानी की समस्या को लेकर बोरानाडा थाना क्षेत्र स्थित जलदाय विभाग कार्यालय पर प्रदर्शन किया। सैकडों की संख्या में पहुंचे लोगों ने नारेबाजी करते हुए आक्रोश व्यक्त करते हुए धरना प्रदर्शन किया। युवा चेतना मंडल के संयोजक वीरेंद्र प्रताप सिंह पाल के नेतृत्व में जलदाय विभाग कार्यालय बोरानाडा पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों और महिलाएं इकट्ठा हुई। जीएलआर टंकी के पास बैठकर लोगों ने सरकार और जलदाय विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। धरने पर बैठे लोगों का कहना है कि पाल गांव एवं आस पास बसी कई कॉलोनियों में पीने के पानी विकट समस्या के कारण लोग परेशान और दुःखी हैं। उनको महंगे दामों पर पानी के टैंकर डलवाने पड़ रहे हैं। इससे उन पर आर्थिक भार भी पड़ रहा है। लोगों ने विभाग से बंद पड़े ट्ययूबवैल ठीक करने और कॉलोनियों में पानी की पाइप लाइन डालने की मांग की है।

### परिवार सहित अधिवक्ता पर हमला

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के राजीव गांधी नगर पुलिस थाना क्षेत्र में बासनी सेफा गांव में रहने वाले एक अधिवक्ता और उसके परिवार पर कुछ लोगों ने हथियारों से लैस होकर जानलेवा हमला किया। उसकी जमीन को भी हथिया लिया गया। पीड़ित अधिवक्ता ने कोर्ट में इस्तगासे के माध्यम से राजीव गांधी नगर थाने में रिपोर्ट दी है। मामला गत 28 सितंबर का है। पुलिस ने जांच आरंभ की है। राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि बासनी सेफा निवासी मदनसिंह पुत्र मूल सिंह राठौड़ ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि वह पेशे से अधिवक्ता है। उसकी जमीन गांव में आई है। जहां पर 28 सितंबर को परबत सिंह, नेपाल सिंह, सुमेर सिंह, रतन सिंह सहित 15-16 लोगों ने हथियारों तलवार, लाठी, सरिया- लगिया आदि से उसके परिवार पर जानलेवा हमला किया। रिपोर्ट में आरोप है कि इन लोगों ने उसकी जमीन पर भी कब्जा कर लिया। पुलिस ने बताया कि प्रकरण दर्ज किया गया है। अग्रिम जांच की जा रही है।

# टेल लाइन पर किसानों को मिले पर्याप्त पानी : के.के. विश्नोई

**जालोर**, (कासं)। नर्मदा नहर परियोजना में रबी फसल वर्ष 2025-26 की अवधि में जल प्रवाहित करने के लिए जल वितरण समिति की बैठक उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई व बाड़मेर सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल की उपस्थिति तथा संभागीय आयुक्त जोधपुर डॉ. प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को नर्मदा नहर परियोजना के विश्राम गृह सांचौर में आयोजित की गई।

बैठक में राज्य के उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री के.के. विश्नोई ने कहा कि राज्य सरकार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में आमजन के उत्थान एवं विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है।

उन्होंने कहा कि नर्मदा नहरी तंत्र को विकसित, आधुनिक एवं सु.ढ़ बनाने हेतु राज्य सरकार द्वारा बजट का प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने विभागीय अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि नर्मदा नहर परियोजना के माध्यम से हेड क्षेत्र जे साथ ही टेल कमांड क्षेत्र में आने वाले किसानों को भी कृषि एवं सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा पानी पहुंचाया जाए।

बाड़मेर सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल जल वितरण की वर्तमान स्थिति एवं सामने आ रही चुनौतियों, जल के समुचित वितरण व किसानों को समय पर जल उपलब्ध करवाने के लिए आवश्यक उपाय सुनिश्चित करने की बात कही।

बैठक में नर्मदा बेसिन के सरदार सरोवर बांध में वर्ष 2025-26 के लिए पानी की उपलब्धता, रबी फसल में परियोजना में स्वीकृत सिंचाई तीव्रता, उपलब्ध पानी से आगामी रबी सिंचाई के लिए माह नवम्बर 2025 से मार्च 2026 तक नहरों में प्रवाहित किये जाने वाले जल की मात्रा एवं रेगुलेशन कार्यक्रम के निर्धारण, अवैध पानी चोरी रोकथाम, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, वाली छोटी नहरों, माइनर्स, सब माइनरो सील्ट व गाद हटाने के कार्य को लेकर चर्चा करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

बैठक में चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल, जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, जिला पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह इंदोलिया, अतिरिक्त जिला कलक्टर सांचौर दौलतराम चौधरी, जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता मनीष परिहार, नर्मदा नहर परियोजना के अधीक्षण अभियंता बाबूलाल गहलोत, डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता माधाराम, नर्मदा नहर परियोजना के अध्यक्ष राव मोहनसिंह चितलवाना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आवड़दान रतनू, सांचौर उपखण्ड अधिकारी प्रमोद कुमार सहित कई जने मौजूद रहे।

# महिला बनकर अपहरण, मारपीट व अवैध वसूली के तीन आरोपी गिरफ्तार

**बालोतरा**, (निसं)। जिले की थाना मण्डली पुलिस ने ऑपरेशन अश्ववेग के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए महिला के वेश में पुरुष को गाड़ी में बैठाकर सुनियोजित षड्यंत्र रचकर अपहरण, मारपीट और अवैध वसूली करने की सनसनीखेज वारदात का पर्दाफाश किया है। इस मामले में पुलिस ने तीन मुख्य आरोपियों सफीखां, ईशाकखां और हबीबखां को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से फिरौती की राशि में से 1.20 लाख रुपये और एक मोबाईल बरामद किया है।

घटना का विवरण पुलिस अधीक्षक जिला बालोतरा श्री रमेश आईपीएस ने बताया कि जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों पर नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन अश्ववेग अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।

पुलिस के अनुसार सुबान खान ने मंडली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 17अगस्त 25 को उसके पूर्व परिचित सफीखां ने उसे फोन कर अपने सामान को गाडी से छोडने के लिए बुलाया। प्रार्थी अपनी क्रेटा गाडी लेकर निर्धारित स्थान पर पहुंचा, जहां सफीखां के साथ एक महिला मौजूद थी।

उसके गाडी में बैठने के तुरंत बाद, पीछे से बोलेरो गाडी में आए गफूर खां, दाउद खां और ईसाक खां ने उनकी गाडी को रोक दिया।

आरोपियों ने प्रार्थी को जबरन गाडी से बाहर खींचकर धमकाया कि उसने उनके घर की महिला को गाडी में क्यों बैठाया, जबकि वास्तविकता यह थी कि महिला वेश में व्यक्ति हबीबखां पुत्र गनीखां था, जो इस पूरे षड्यंत्र में सफीखां के साथ शामिल था। योजनाबद्ध तरीके से प्रार्थी को जबरन ड्राईवर सीट से हटाकर पिछली सीट पर बंधक बनाया गया और ईसाकखां ने प्रार्थी की क्रेटा गाडी चलाकर उसे अज्ञात स्थान पर ले जाकर मारपीट की, कपडे फाड दिए और गलती स्वीकार करने का वीडियो भी बनवाया।

आरोपियों ने प्रार्थी को छोडने के बदले 15 लाख रुपये की मांग की। डर के मारे प्रार्थी ने कल्याणपुर में एक दुकान से 5 लाख रुपये उधार लेकर आरोपियों को दिए और फोनपे से 3,400 रुपये भी ट्रांसफर किए। पैसे लेने के बाद आरोपी उसे रेवाडा गांव के पास पटक कर भाग गए। इसके बाद, 12 सितम्बर 2025 से ईसाक खां समेत अन्य आरोपी लगातार फोन कर शेष 10 लाख रुपये की मांग कर रहे थे और वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहे थे।

पुलिस ने सफीखां पुत्र लतीफखां (निवासी खेतसिंह नगर, थाना शेरगढ़, जोधपुर), ईसाकखां पुत्र हाजीखां (निवासी नयापुरा, थाना पचपदरा, बालोतरा), हबीबखां पुत्र गनीखां (निवासी नयापुरा, थाना पचपदरा, बालोतरा) को गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने वारदात में वसूली गई फिरौती की राशि में से एक लाख बीस हजार रुपये और एक मोबाईल फोन बरामद किया है। गहन पूछताछ के बाद मुलजिमों को माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

पुलिस का कहना है कि घटना में शामिल अन्य मुलजिमों (गफूर खां, दाउद खां), प्रयुक्त वाहन (बोलेरो) और फिरौती की राशि से खरीदे गए पिकअप वाहन की तलाश जारी है।

### ज्ञापन दिया

**जालोर**, (का.सं.)। मांडवला मेघवाल समाज सेवा समिति, 13 गांव परगना मांडवला ने शुक्रवार को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में हाल ही में देश के मुख्य न्यायाधीश गवई पर जूता फेंकने की घटना को लोकतंत्र और संविधान पर हमला बताया गया। समिति ने राजस्थान विश्वविद्यालय से विनोद जाखड़ की गिरफ्तारी को जबरन कार्रवाई करार देते हुए उनकी रिहाई की मांग की। समिति के अध्यक्ष सुरेश विराश, उपाध्यक्ष सुरेश सरदारगढ़, महासचिव भरत कुमार, मीडिया प्रभारी अजय चौहान सरदारगढ़, एडवोकेट रूपेश बोकडा, एडवोकेट तरुण गहलोत पहाड़पुर, देवेंद्र जी तीखी, भैरू मांडवला, अचलाराम पीजोपुरा, बलजी रटूजा, रमेश विरास सहित कई जने मौजूद रहे।

# डॉ. अरूण चौधरी मूंगड़ा के सेवा शिविर में पहुंचे

**बालोतरा**, (निसं)। पचपदरा विधायक डॉ. अरुण चौधरी आज अपने विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत मूंगड़ा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में भाग लिया। उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन भी किया।

शिविर के दौरान विधायक डॉ. चौधरी ने राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन को दी और लोगों को अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विशेष रूप से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना, बिजली के नए कनेक्शन, ग्रामीणों को पट्टे जारी करने और खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोड़ने जैसी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की।

विधायक चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य गांव-गांव तक विकास की किरण पहुंचाना है, ताकि ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं उनके द्वार पर ही प्राप्त हो सकें।

विधायक डॉ. अरुण चौधरी ने इस अवसर पर मूंगड़ा ग्राम पंचायत को दोहरी सौगात दी। उन्होंने ग्राम पंचायत मूंगड़ा में उप-स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास किया, जिससे स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ मिलेगी। उन्होंने स्थानीय विधायक विकास निधि से स्वीकृत व पूर्ण हुए विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन भी किया। डॉ. चौधरी ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल व स?कों जैसी मूलभूत आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने संकल्प दोहराया कि क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक विकास की गूंज सुनाई दे, यही उनका लक्ष्य है।

# कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग में जिलाध्यक्ष के लिए पांच आवेदन आए

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के निर्देशानुसार संगठन सृजन अभियान कार्यक्रम के तहत जालोर जिले की शुक्रवार को जिला प्रभारी अल्लाहनूर खान मेहर व सह प्रभारी अमीन खान धवा की अध्यक्षता में बैठक हुई।

अल्पसंख्यक विभाग के जिला प्रभारी अलानूर मेहर ने कहा कि इस बैठक में संगठन के जिला अध्यक्ष पद कि दावेदारी के लिए कई जनों ने अपने अपने आवेदन जमा करवाए। जिसमें अमीन मोयला, जाकिर खान, रज्जब खान, रज्जाक मोयला व इकबाल खां ने अपनी दावेदारी पत्र प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव शहजाद अली , पूर्व प्रधान शमशेर अली, पूर्व नगर अध्यक्ष जुल्फिकार भुट्टो, बहादुर खा सिंधी राजीव गांधी पंचायत राज संगठन जिला अध्यक्ष विनय व्यास, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सुष्मिता गर्ग ,युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपक मेघवाल , युवा ब्लॉक सचिव जाकिर खा उम्मेदाबाद, प्रदेश महासचिव पन्नेसिंह, पूर्व जिला संयोजक कांग्रेस आई, टी, सेल से अमीन मोयला इकबाल खान प्रभारी अल्प संख्यक बाडमेर, फकरुद्दीन , समाज सेवी मुरीद मेहर, आशु खां, जावेद, हनीफ खान, बाबू खान, रज्जब खां खोखर, कयूम हाडा, रज्जाक मोयला आलसन, अनवर खान मोयला तूरा, मेंदू हुसैन मोयला, साहिल हाडा, मोहसिन खान आदि उपस्थित रहे।

### किसानों की बैठक आयोजित

**रेवदर**, (निसं)। भारतीय किसान संघ तहसील रेवदर की मासिक बैठक सरेसी माताजी मंदिर रेवदर में हुई।

तहसील अध्यक्ष बाबुलालजी कोली हडमतिया एवं जिला अध्यक्ष मावारामजी चौधरी सोरडा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें जोधपुर प्रान्त कार्यकारी सदस्य बीज प्रमुख नाथुराम लोहार अनादरा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन उपखण्ड अधिकारी महोदय राजनजी लोहिया रेवदर को सौंपा गया है।

बैठक में रेवदर तहसील मंत्री मोहन पुरोहित सेलवाडा, जिला उपाध्यक्ष गणपतसिह देवडा डांगराली, भलाराम चौधरी नागाणी, तहसील उपाध्यक्ष बाबुलाल घांची रेवदर, धनाराम लोहार, प्रवीणसिह राजपुत रेवदर तहसील वरिष्ठ सदस्य, खीमाराम चौधरी दांतराई, घनाराम प्रजापति, हंसाराम कोली आदि उपस्थित रहे।

## कार्यालय नगर परिषद्, सांचौर (राज.)

(टेलिफोन नम्बर-02979-283280 व ई-मेल आई.डी. eosanchore.lsg@rajasthan.gov.in & eosanchore2010@gmail.com)

क्रमांक : न.प.सां./2025/4302 दिनांक : 07.10.2025

### -:: आपत्ति विज्ञप्ति ::-

सर्व साधारण एवं आमजन को सूचित किया जाता है कि परिषद् परिक्षेत्र मे विलेख, वसीयत, हकत्याग, उत्तराधिकारी, गिफ्टडीड आदि से खरीदसुदा के नामान्तरण/उपविभाजन/संयुक्तिकरण प्रमाण पत्र हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों का विस्तृत विवरण नीचे अंकित है। इसमें वर्णित सम्मतियों के नामान्तरण/उपविभाजन/ संयुक्तिकरण प्रमाण पत्र में किसी व्यक्ति विशेश को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति मय ठोस दस्तावेज सहित इस सूचना के प्रकाशन होने की दिनांक से 3 दिवस में इस कार्यालय मे आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें। उपरोक्त अवधि के समाप्त के उपरान्त प्राप्त होने वाली आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी। तथा सम्पत्ति आवेदनकर्ता के नाम नामान्तरण/उपविभाजन/संयुक्तिकरण प्रमाण पत्र जारी कर दिया जावेगा।

| क्र. स. | आवेदनकर्ता का नाम | स्थल जहां सम्पत्ति है | पत्रावली संख्या | पत्रावली का प्रकार | पट्टा संख्या/वर्ष | भूखण्ड संख्या | कुल रकबा (वर्गगज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भेराराम पुत्र श्री भाखराराम विश्नोई | गायत्री नगर सांचौर | 338/2025 | नामान्तरण | 340/2007 | 28 | 157.50 |
| 2 | गीता देवी पत्नी श्री सरूपाराम, गवारिया | रायमल कॉलोनी थराद रोड सांचौर | 339/2025 | नामान्तरण | 2204/2014 | - | 77.77 |
| 3 | कालुचन्द पुत्र श्री जुहारमल सोनी | मोदी नगर सांचौर | 340/2025 | नामान्तरण | 6895/2022 | 75 | 138.88 |
| 4 | एच रमेश पुत्र श्री हेमाराम जाट | ज्योति नगर सांचौर | 341/2025 | नामान्तरण | 3019/2016 | 65 | 111.11 |
| 5 | मोहनी देवी पत्नी श्री मांगीलाल विश्नोई | एच आर नगर चतुर्थ सांचौर | 342/2025 | नामान्तरण | 6895/2022 | 284 | 200 |
| 6 | लाडु कंवर पत्नी श्री प्रतापसिंह राजपूत | श्री राव मार्केट सांचौर | 343/2025 | नामान्तरण (वाणिज्यिक) | 3288/2017<br>3289/2017<br>3290/2017 | A<br>B<br>C | 22.77 |
| 7 | मेहराराम पुत्र श्री किशनाराम सुथार | सुभाष नगर कॉलोनी सांचौर | 63/2025 | संयुक्तिकरण | 240/1997<br>299/1990 | 45<br>46 | 320 |
| 8 | रजनीश पत्नी श्री मगारामजी सोनी | हरिनगर रानीवाडा रोड सांचौर | 344/2025 | नामान्तरण | 871/2024 | 51 | 184.10 |
| 9 | मगाराम पुत्र री प्रतापचंदजी सोनी | चन्दन नगर कॉलोनी सांचौर | 345/2025 | नामान्तरण | 696/2010 | 170 | 166.66 |
| 10 | पीरसिंह पुत्र श्री तगसिंह, रावणा राजपुत | रमेश कॉलोनी सांचौर | 64/2025 | उपविभाजन | 17/2001 | - | 200 |
| 11 | केहराराम चौधरी पुत्र श्री समेलाराम चौधरी | विवेकानन्द सर्किल से चार रास्ता की ओर सांचौर | 65/2025 | उपविभाजन | 2527/2023 | - | 144.44 |

राज.संवाद/सी/25/11818 अधिशाषी अधिकारी

# धोलिया में पथ संचलन व धर्मसभा आयोजित

**बाप** , (निसं)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने को लेकर गुरुवार को धोलिया मंडल में स्वयंसेवकों की ओर से पथ संचलन व धर्मसभा का आयोजन किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वयंसेवकों ने प्रभात फेरी निकालकर नवजागरण का संदेश दिया तथा 31 पौधे लगाकर शताब्दी वर्ष को चिरस्थायी बनाने का संकल्प लिया। गांव में पताकाएं लगाई गईं और मातृशक्ति ने घरों के आगे रंगोलियां सजाईं। सांय 4 बजे राउमावि धोलिया से प्रारंभ हुआ पथ संचलन घोष वादन और अनुशासित पंक्तियों में विभिन्न मार्गों से होते हुए पंचायत भवन पहुंचा, जहां ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा से स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शैतान सिंह सेवानिवृत्त डिप्टी कमांडेंट (बीएसएफ) रहे तथा बौद्धिक कर्ता मानसिंह व्याख्याता थे। अतिथियों ने संघ की सेवा परंपरा, राष्ट निर्माण में उसकी भूमिका और शताब्दी वर्ष में समाज के प्रत्येक व्यक्ति के योगदान की आवश्यकता पर बल दिया।

इसी प्रकार शुक्रवार को सांवरागांव में भी सैकड़ों स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में घोष वादन के साथ अनुशासित पथ संचलन किया। संचलन में सांवरागांव, मनचीतिया और सेवडा मंडलों के स्वयंसेवको ने भाग लिया। पथ संचलन के मार्ग में जगह-जगह ग्रामीणों ने रंगोली और पुष्पवर्षा से स्वागत किया। पथ संचलन राउमावि के खेल मैदान से शुरू हुआ, जो गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए मुख्य गवाड में संपन्न हुआ। संचलन के पश्चात विजयादशमी उत्सव आयोजित कर शस्त्र पूजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, जिला प्रौढ़ कार्य प्रमुख हुक्मीचंद पालीवाल ने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष का यह संचलन पंच परिवर्तन, कुटुंब प्रबोधन, समरसता, पर्यावरण, नागरिक कर्तव्य और स्वभाव जागरण जैसे विषयों पर केंद्रित है। उन्होंने संघ कार्य को राष्ट्र निर्माण की शक्ति बताया।

इस अवसर पर देवपुरी महाराज (पालनपुर) का सानिध्य प्राप्त हुआ। साथ ही खंड संघ चालक मनसुख पालीवाल, खंड कार्यवाह रोहिताश, राधेश्याम दर्जी, चंपालाल, जगदीश पालीवाल, श्याम सुंदर, भंवरलाल, पुखराज पालीवाल, भगवानसिंह, रेखचंद, नाथूसिंह, रूपेश दवे, नंदकिशोर छंगाणी, कैलाश दान, मोतीलाल, बृज मोहन, प्यारेलाल छंगाणी, चन्द्रसिंह, मेघसिंह, छगन सिंह, बंशीलाल पुरोहित, देवीलाल साध सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# गोदारा जिलाध्यक्ष बने

**सांचौर**, (निसं)। जिला अधिवेशन का आयोजन शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांचौर में आयोजित हुआ।

बैठक की अध्यक्षता चुनाव पर्यवेक्षक शैतान राम प्राचार्य ने की। रेसला प्रदेश कार्यकारिणी के निर्देशानुसार जिला कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। जिसमें जिलाध्यक्ष पद पर सुरेश कुमार गोदारा व्याख्यात,सांकड एवं जिला मंत्री रविंद्र सारण को सर्वसहमति से निर्वाचित किया गया। रेसला सांचौर के निवर्तमान अध्यक्ष बाबूलाल चौधरी ने बताया कि शेष पदाधिकारी का चयन भी निर्विरोध हुआ। जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदीश जाणी पलादर, उपाध्यक्ष महेशचंद्र लखारा हाडेतर, एवं मनमोहन सुरजवाडा, कोषाध्यक्ष भारूराम मांजू जोरादर, सभाध्यक्ष सदाराम डावल सयुंक्त मंत्री अरविंद खिलेरी, संगठन मंत्री हनुमानाराम झाब व दीपेन्द्र खिलेरी मालवाडा , ओमप्रकाश सुथार सुथड़ी, मीडिया प्रभारी भंवरलाल खिरोडी, महिला मंत्री इंदू विश्नोई दाता, उपप्राचार्य प्रतिनिधि लादूराम वरड और पीपी प्रतिनिधि आसूराम सांगडवा को मनोनीत किया गया।

### प्रशिक्षण दिया

**जालोर**, (कासं)। शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत गैर सरकारी विद्यालयों में निःशुल्क सीट्स पर प्रवेश के लिए गठित दलों की प्रशिक्षण कार्यशाला पीएम राउमावि जालोर में आयोजित की गई।

प्रशिक्षण कार्यशाला के मुख्य अतिथि ममता अग्रवाल मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जालोर एवं अध्यक्षता जबर सिंह देवडा अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी तथा विशिष्ट अतिथि भंवर मकवाना यूसीईईओ जालोर एवं शिक्षाविद सरदार सिंह चारण थे।

### निरीक्षण किया

**पाली**, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर एलएन मंत्री ने आज शुक्रवार को जिले के बाली के बीजापुर में ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण किया और जायजा लिया उन्होंने विभिन्न विभागों के काउंटर पर जाकर चल रहे कामों व सेवाओं की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुये कहा कि आमजन को अधिक से अधिक लाभान्वित करावें व उनकी समस्याओं का समाधान शिविर आयोजन की मंशानुरूप कार्य कर राहत दे।

शिविर में राजस्व विभाग में 5 सहमति से विभाजन, 23 की एफआरसी, नाम शुद्धि के 15 प्रकरण, 32 नामान्तरण व ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के 15 आवासीय भूखंडो के पट्टे, 4 सरकारी भवन पट्टे, वन विभाग 100 पौधे, चिकित्सा विभाग 306 व्यक्ति, पशु बीमा पॉलिसी, महिला एवं बाल विकास के, 25 पीएमवीवाई, 7 ईकेवाईसी, 90 लोग आयुर्वेद विभाग से लाभान्वित हुए।

## कार्यालय नगर परिषद् जालोर (राज.)

अस्पताल चौराहा जोधपुर रोड जालोर-343001

Tel- 02973-222270 E-mail: mbjalore24@yahoo.in

क्रमांक :- नपजा/भूमिशाखा/2025/4784 दिनांक :- 08.10.2025

### आपत्ति आंमत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् क्षैत्र जालोर के 69 ए के लिए आवेदन प्रस्तुत किया जाकर पट्टे की मांग की गई है। इस संबंध में किसी व्यक्ति आदि को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो लिखित प्रार्थना-पत्र मय साक्ष्य आपत्ति सूचना पत्र के प्रकाशन होने के 03 दिवस के भीतर-भीतर नगर परिषद् कार्यालय को प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि उपरान्त किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी एंव आवेदको के नाम पट्टा जारी करने की कार्यवाही की जायेगी।

| क्र. सं. | प्रकरण संख्या | आवेदक का नाम/पता व भूखण्ड का पता | आडौस-पडौस चतुर्थदर्शी | भूखण्ड का क्षै.(वर्गगज) | प्रयोजन का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 17/ 2025-26 | श्रीमती जसवन्तबाला पत्नि विजय कुमार मेघवालों का आथमणावास रामदेवजी की गली बागरा भुखण्ड पता- सुरजपोल शांतिनगर कॉलोनी बाघ बावडी जालोर | उतर - डुंगाराम/भैराराम का मकान<br>दक्षिण-भोमाराम/कालाजी का मकान<br>पूर्व- तगाराम का मकान<br>पश्चिम- रास्ता 17 फिट | 133.77 | आवासीय |
| 2 | 18/ 2025-26 | श्रीमती विमलादेवी पत्नि दिनेश कुमार किसान छात्रावास के पास हैड पोस्ट रोड जालोर | उतर - देवेन्द्र कुमार/जुहाराराम<br>दक्षिण - देवेन्द्र कुमार/जुहाराराम<br>पूर्व- रास्ता 10 फिट<br>पश्चिम- शांतिदेवी/प्रभुसिंह | 33.84 | आवासीय |
| 3 | 19/ 2025-26 | श्री जोगाराम पुत्र मोहनलाल रामपुरा कॉलांनी जालोर | उतर - मगाराम/ताराजी<br>दक्षिण -हंजारीलाल/समरथाजी<br>पूर्व- भुराराम/ताराजी<br>पश्चिम- रास्ता 24 फिट | 147.77 | आवासीय |
| 4 | 20/ 2025-26 | श्रीमती नूरजहा बैगम पत्नि जमशेद अहमद पिन्जारों की मस्जिद केपास जालोर भुखण्ड पता बडपोल के बाहर जालोर | उतर - दुकान नं. 06<br>दक्षिण-नगर परिषद भूमि<br>पूर्व - नगर परिषद भूमि<br>पश्चिम- रास्ता 70 फिट | 11.11 | व्यवसायिक |
| 5 | 21/ 2025-26 | श्री भंवरलाल पुत्र मिश्रीमल लखारा कस्तुरबा कॉलोनी जालोर | उतर - हिरालाल/रामपाल लखारा<br>दक्षिण- रास्ता 30 फिट<br>पूर्व - रास्ता 30 फिट<br>पश्चिम- रमेश बोहरा का मकान | 190.17 | आवासीय |
| 6 | 22/ 2025-26 | श्री सोनाराम, रवि, दिनेश कुमार पुत्र विसाराम सुरज पोल के बाहर शांति नगर जालोर | उतर - रास्ता 10 फिट<br>दक्षिण- थानाराम मेघवाल का मकान<br>पूर्व - रास्ता<br>पश्चिम- धरमाराम का मकान | 221.18 | आवासीय |
| 7 | 23/ 2025-26 | श्री पुखराज पुत्र गणेशाराम कुम्हारो का वास तिलक द्वार के अन्दर जालोर | उतर - लसीराम/रूपाजी मकान<br>दक्षिण- धर्माराम/पिथाजी मकान<br>पूर्व - छोगाराम/रूपाजी मकान<br>पश्चिम- रास्ता 11 फिट | 60.74 | आवासीय |
| 8 | 24/ 2025-26 | श्रीमती संगीता जैन पत्नि रविन्द्र कुमार जैन प्लोट नं. 67 कल्याण नगर जालोर | उतर - प्लोट नं. 66<br>दक्षिण- प्लोट नं. 68<br>पूर्व - रास्ता 20 फिट<br>पश्चिम- संस्था श्री वृद्वावन जैन धर्म | 355.55 | आवासीय |
| 9 | 25/ 2025-26 | श्री नेमीचन्द जैन पुत्र सांकलचंद जी जैन प्लोट नं. 66 कल्याण नगर जालोर | उतर - प्लोट नं. 65<br>दक्षिण- प्लोट नं. 67<br>पूर्व - रास्ता 20 फिट<br>पश्चिम- संस्था श्री वृद्वावन जैन धर्म | 355.55 | आवासीय |
| 10 | 26/ 2025-26 | चम्पालाल/हिम्मता राम कुम्हारो का वास तिलक द्वार के अन्दर जालोर | उतर- भंवरलाल/रामलाल सोनी<br>दक्षिण- रास्ता<br>पूर्व -भुतीदेवी/हिम्मताराम<br>पश्चिम-वचनाराम/भीखाराम | 116.88 | आवासीय |
| 11 | 27/ 2025-26 | भुतीदेवी/हिम्मताराम कुम्हारो का वास तिलक द्वार के अन्दर जालोर | उतर- भंवरलाल/रामलाल सोनी<br>दक्षिण- लच्छाराम सोनी का मकान<br>पूर्व -भोमाराम/कस्तुराराम<br>पश्चिम-चम्पालाल/हिम्मताराम व रास्ता | 117.77 | आवासीय |
| 12 | 28/ 2025-26 | श्री कैलाश सुन्देशा पुत्र रूगाराम राजेन्द्र नगर जालोर | उतर - उका/मनरूपजी<br>दक्षिण- रावलालजी का मकान<br>पूर्व - दलु देवी का प्लोट<br>पश्चिम- रास्ता 40 फिट | 196.66 | आवासीय |
| 13 | 29/ 2025-26 | पुष्पराज बोहरा सोहनराज बोहरा शिवाजी नगर जालोर | उतर - प्लोट नं. एम 3<br>दक्षिण- प्लोट नं. एम 5<br>पूर्व - रास्ता 50 फिट<br>पश्चिम- प्लोट एन 3,4 | 400.00 | आवासीय |
| 14 | 30/ 2025-26 | अमरूद्दीन फारूकी पुत्र बाबु खान सैयदो का वास उपरकोटा जालोर | उतर - युसुफ खां का मकान<br>दक्षिण- नीवाडो वास्ते भूमि<br>पूर्व - रास्ता व चौक<br>पश्चिम- अकरम अली/निजाम अली | 400.00 | आवासीय |

राज.संवाद/सी/25/11855 आयुक्त